दिनांक–14.03.2024 समय–2.10 pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मंत्रिपरिषद निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि राज्य शासन के प्रथम तीन माह वित्तीय दृष्टि से उपलब्धि पूर्ण रहे हैं। राज्य शासन द्वारा कोई भी योजना बंद नहीं की गई है। राजस्व और पूंजीगत व्यय की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राज्यीय हवाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में हवाई सेवा आरंभ की जा रही है। ग्वालियर और जबलपुर के लिए यह सेवा आज से आरंभ होगी, जिसका विस्तार सागर, रीवा, रतलाम और अन्य स्थानों पर किया जाएगा। साथ ही धार्मिक पर्यटन को सुविधाजनक बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए भी हवाई सेवा आरंभ की जा रही है। अभी इंदौर को केंद्र बनाते हुए उज्जैन और ओंकारेश्वर के लिए हवाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दोनों हवाई सेवाओं का नाम यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नाम पर रखते हुए 'पीएमश्री' रखा गया है। मंत्रिपरिषद में लिए गए निर्णयों के बारे में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम योजना के तहत राज्य और केन्द्र सरकार के सहयोग से धार्मिक पर्यटक स्थलों पर रोपवे बनाने की योजना है। मध्यप्रदेश के कुछ स्थानों पर रोपवे का निर्माण किया जाएगा। बैठक में मंत्रिमंडल की तीन सदस्यीय समिति बनाने का निर्णय लिया है। यह समिति अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए संचालित छात्रावासों को सुविधासंपन्न बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत करेगी

एक राष्ट्र-एक चुनाव

एक राष्ट्र-एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को रिपोर्ट सौंपी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में यह उच्च स्तरीय समिति गठित की गई थी। समिति ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन. के. सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह रिपोर्ट सौंपी।

अमित शाह - सीएए

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुहराया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए नागरिकता का अधिकार देने का कानून है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह कानून किसी की भी नागरिकता नहीं छीनेगा। समाचार एजेंसी से साक्षात्कार में श्री शाह ने कहा कि सीएए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, इसाई और पारसी शरणार्थियों को अधिकार और नागरिकता उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत उन सभी के समान अधिकार होंगे, क्योंकि अब वे भी भारत का नागरिक बन जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर-एनआरसी का सीएए से कोई संबंध नहीं है।

गृह मंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यकों को डरने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि सीएए में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिससे किसी की नागरिकता छीनी जा सके। उन्होंने कहा कि किसी के लिए भी दरवाजे बन्द नहीं हुए हैं और मुसलमानों को भी नागरिकता के लिए आवेदन करने का अधिकार है।

पर्यटन वायु सेवा

प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों तक पहुंच सुगम बनाने और दूरस्थ क्षेत्रों तक पर्यटन का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा और पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा का शुभारंभ भोपाल में शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश को विकास को नई गति मिलेगी।

इंदौर से करनावद फोरलेन रोड़

इंदौर से नागपुर हाईवे के बीच आने वाले इंदौर से करनावद तक 29 किलोमीटर लम्बाई के मार्ग को फोरलेन किया जायेगा। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर राज्य शासन से इस मार्ग को बनाने के लिए डीपीआर तैयार करने की स्वीकृति मिल गई है। डीपीआर तैयार होने के पश्चात मार्ग निर्माण की आगामी कार्यवाही प्रारंभ होगी। श्री सिलावट ने बताया कि यह मार्ग बनने से इंदौर से नागपुर हाईवे का सफर आसान और सुविधाजनक हो जायेगा। इस रोड के यात्रियों सहित सांवेर विधानसभा क्षेत्र के हजारों नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

आकाशवाणी– क्लाइंट्स मीट

आकाशवाणी भोपाल की विज्ञापन प्रसारण सेवा द्वारा आज क्लाइंट्स मीट कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी विज्ञापन दाताओं तथा आकाशवाणी की पंजीकृत एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला मे प्रचार प्रसार के लिए आकाशवाणी की व्यापक पहुंच, उपयोगिता तथा महत्व पर विभिन्न सत्रों के माध्यम से चर्चा की जा रही है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- आगरमालवा जिले में कल पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ। कार्यक्रम के दौरान 55 हितग्रहियों के आयुष्मान कार्ड एवं विभिन्न योजनाओं में 11 हितग्राहियों को 9 लाख रूपये के बैंक ऋण वितरित किये।
- बालाघाट शासकीय कमला नेहरु कन्या महाविद्यालय में नेचर कैम्पस गतिविधि का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं एवं स्टाफ के 30 सदस्यीय दल द्वारा लालबर्रा वन परिक्षेत्र क्षेत्र स्थित वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र सोनेवानी का भ्रमण किया गया।
- उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सुश्री राधा सिंह राज्य मंत्री मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विधायक गणो के द्वारा सिंगरौली जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया गया।
- सतना जिले में रबी विपणन वर्ष 2024–25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन और अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय समिति गठित की गई है।

....